हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 07 अप्रैल 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।

2. हरियाणा सरकार सिरसा के वीटा मिल्क प्लांट परिसर में लगभग 26 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से किन्नू जूस प्रसंस्करण संयंत्र लगाएगी।

3. आज विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हरियाणा में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

4. मौसम विभाग ने आज रात और कल पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश होने और कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई।

5. केंद्र सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडरों के दैनिक आवंटन दोगुना करने का निर्णय लिया।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री सिंह आज जयपुर में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कृषि में विविधता पर बल देते हुए कहा -

***अनाज, फल, सब्जियां, दूध इसकी कमी न आए, ये दायित्व कृषि विभाग पर है, खेती पर है, किसानी पर है और इसीलिए हमारे जो तीन लक्ष्य हैं, एक देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, अन्न के भंडार भरे रहें लेकिन दूसरे किसानों की***

***आय बढ़ा के उनके जीवन स्तर को और बेहतर करना। और तीसरा भारत की जनता को पोषण देना और जरूरत पड़े तो दुनिया को भी खाद्यान की आपूर्ति करना है।***

उन्होंने कहा  कि कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ठोस और बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि फसल विविधीकरण से  किसान सशक्त और  आत्मनिर्भर बनेंगे।

-------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रसारण श्रोता अनुसंधान परिषद को निर्देश दिया है कि वह अगले चार सप्ताह तक समाचार टीवी चैनलों के टेलीविजन रेटिंग अंकों को प्रकाशित न करें। यह निर्णय पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच कुछ समाचार चैनलों द्वारा आवांछित सनसनी प्रदर्शन और काल्पनिक समाचारों  पर रोक लगाने के लिए किया गया है।

-------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार किन्नू उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने के लिए, सिरसा स्थित वीटा मिल्क प्लांट परिसर में लगभग 26 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक किन्नू जूस प्रसंस्करण संयंत्र लगाएगी।

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बताया कि यह परियोजना 33 वर्ष की रियायत अवधि के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर विकसित की जाएगी, जिससे सभी हितधारकों को लाभ होगा। आकाशवाणी के विशेष संवाददाता की रिपोर्ट-

हरियाणा डेयरी विकास सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक रोहित यादव ने बताया कि हरियाणा में प्रतिवर्ष लगभग 4 लाख 40 हजार मीट्रिक टन किन्नू का उत्पादन होता है, जिसमें अकेले सिरसा जिले का योगदान लगभग 55 प्रतिशत है। विशेष रूप से उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत बी-ग्रेड किन्नू पहले कम

कीमत पर बिकता था, अब मूल्य संवर्धन के माध्यम से उपयोग में लाया जाएगा, तो इससे किसानों की आय बढ़ेगी।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। हरियाणा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अवसर पर राज्यभर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जमीनी स्तर पर व्यापक गतिविधियां आयोजित की गईं और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 99 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 4,251 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

विश्व स्वास्थ्य पर हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक डॉ मनीष बंसल, ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में बताया कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम है स्वास्थ्य के लिए एकजुट और विज्ञान के साथ आप खड़े रहे। उन्होंने कहा कि आज के दिन का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

डॉ बंसल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि इस वर्ष 100 से अधिक उप स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएं और लोगों की सेवा के लिए नई एंबुलेंस उपलब्ध कारवाई जाएं।

-------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पंचकूला में सिविल सर्जन कार्यालय में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ मुक्ता कुमार ने सभी से अपनी सेहत के प्रति सतर्क व सजग रहने का आह्वान करते हुए बताया –

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जींद में भी एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा के पुत्र रुद्राक्ष मिड्ढा ने शिरकत की। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। मीडिया से बातचीत में सिविल सर्जन डॉ. सुमन कोहली ने कहा –

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

अंबाला शहर में डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 170 यूनिट रक्तदान किया गया। उधर पलवल के श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। 'तम्बाकू और नशों को कहो ना' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

मौसम विभाग ने आज रात और कल पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश होने, कुछ जगहों पर ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ आंधी चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के चंडीगढ़ स्थित कार्यालय के निदेशक डॉ सुरेन्द्र पाल ने बताया –

--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी सिलेंडरों के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का निर्णय किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य

सचिवों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि ये पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर राज्य सरकारों और उनके खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभागों को केवल अपने राज्य में प्रवासी मजदूरों को तेल विपणन कंपनियों के सहयोग से आपूर्ति करने के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------